प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

एक राष्ट्र एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आज अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव साथ कराने की संभावनाओं को लेकर इस रिपोर्ट में संविधान के अनुच्छेद–325 में संशोधन और एकल मतदाता सूची की सिफारिश की है। समिति ने रिपोर्ट तैयार करने के क्रम में सार्वजनिक नोटिस जारी कर आम लोगों के सुझाव भी लिए थे। इस समिति का गठन पिछले वर्ष सितंबर में हुआ था।

****

केंद्रीय कृषि और जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज रांची में शहद टेस्टिंग लैब का शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण परिसर में स्थापित होने वाला यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा शहद टेस्टिंग लैब होगा। इससे शहद उत्पादक किसानों को घरेलू बाजार के साथ निर्यात का भी अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मधुमक्खी पालन विकास केंद्र और बांस संवर्धन परियोजना की भी शुरुआत होगी।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की सत्रह मार्च को होने वाली 11 वीं से 13 वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए राज्य के सभी चौबीस जिलों में आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे।. यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए आयोग की वेबसाइट से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने एम्स देवघर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दायर करने को कहा है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने सांसद निशिकांत दूबे द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइड्रोलिक फायर फाइटिंग मशीन, प्रतिदिन तीन मिलियन लीटर पेयजल और प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर संबंधित विभागों और जिले के उपायुक्त से जवाब मांगा है।

****

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सहूलियत के लिए रांची–जयनगर–रांची होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन रांची से तेईस मार्च को रात ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर खुलेगी और अगले दिन साढ़े चार बजे जयनगर पहुंचेगी। वहीं, जयनगर से यह ट्रेन चौबीस मार्च को रात ग्यारह बजकर पचास मिनट पर खुलेगी और अगले दिन शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर रांची पहुंचेगी।

****

भारी उद्योग मंत्रालय ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों–ईवी को बढ़ावा देने की प्रक्रिया एक अप्रैल से जुलाई महीने तक चलेगी। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत ई–रिक्शा, ई–कार्टस और एल–5 मोटर वाहन सहित सिर्फ इलेक्ट्रिक दोपहिया और इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहन स्वीकृत होंगे। इसके अलावा सिर्फ उन्नत बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहन उन्नत प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के योग्य होंगे।

****

रांची नगर निगम द्वारा पानी चोरी करने वालों के खिलाफ एक महीने तक जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बिना वाटर कनेक्शन के पानी का इस्तेमाल करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए धावा दल का गठन किया गया है, जो मोहल्लों में अवैध वाटर कनेक्शन की जांच करेगा। उधर,

निगम की ओर से कल विभिन्न वाटर प्लांटों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें बिना लाइसेंस के चल रहे तेईस वाटर प्लांटों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर जवाब देने को कहा गया है। उधर, चतरा नगर परिषद ने नोटिस दिए जाने के बाद भी बड़े बकाएदारों द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वालों का बैंक खाता फ्रीज करने का निर्देश दिया है।

****

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल चतरा के दौरे पर आएंगे। वे ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। इसके बाद चतरा लोक सभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। श्री सिंह मौके पर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रही विकास योजनाओं से लोगों को अवगत कराएंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

****

राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में खेल निदेशालय की ओर से झारखंड मंत्रालय में आज आयोजित होने वाले समारोह में खिलाड़ियों को खिलाड़ी कल्याण से सहायता राशि और खेल सामग्री प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर खेल मंत्री हफीजुल हसन नवनियुक्त खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इसके अलावा सेंटर फॉर एक्सीलेंस की भी शुरूआत की जाएगी।

****

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील कंन्टेंट प्रसारित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा 19 वेबसाइट, 10 ऐप और 57 सोशल मीडिया हैंडल पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इन प्लेटफॉर्म को कई बार चेतावनी दी गयी फिर भी वे अश्लील कंन्टेंट का प्रसारण करते रहे। इस वजह से इनके खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है।

********समाप्त*************